## प्रो.बिनानी पुस्तकालय समिति के सदस्य मनोनीत

**बीकानेर,** (कासं)। एक्स प्रिंसिपल, चिंतक व लेखक प्रोफेसर डॉ. नरसिंह बिनानी को म्यूजियम सर्किल स्थित संभाग के सबसे बड़े राजकीय सार्वजनिक मण्डल पुस्तकालय, बीकानेर की पुस्तकालय विकास समिति का सदस्य मनोनीत किया गया।

राजकीय मण्डल पुस्तकालय के पुस्तकालय अध्यक्ष विमल कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार के भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, जयपुर द्वारा प्रोफेसर डॉ. बिनानी के नाम की अनुमति प्राप्त हो गई है। विभाग द्वारा पुस्तकालय विकास समिति के सदस्य बनाए जाने की अनुमति प्राप्त होने पर उन्हें समिति का सदस्य बनाया गया है। प्रोफेसर डॉ. बिनानी ने पुस्तकालय विकास समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर कहा कि वे मण्डल पुस्तकालय के विकास एवं पाठकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में पुस्तकालय प्रशासन को पूर्ण सकारात्मक सहयोग प्रदान करेंगे।

मण्डल पुस्तकालय विकास समिति के सदस्य मनोनीत किए जाने पर प्रोफेसर डॉ. बिनानी ने भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान सरकार एवं संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. बिनानी ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भंडार होते हैं।

# बीकानेर से बस में आया 9 क्विंटल मावा बरामद, सैम्पल लिए

**हनुमानगढ़,** (कासं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मिली एक सूचना के आधार पर आज दोपहर बीकानेर से आ रही एक बस में 9 क्विंटल मावा बरामद किया गया। जंक्शन बस स्टैण्ड पर ही एकत्रित मावा की जांच कर सैम्पल लिए गए। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने जंक्शन बस अड्डे जाकर सैम्पलिंग की कार्रवाई करवाई।

- **सूचना के आधार पर बस में से मावा के 63 कनस्तर बरामद कर सैम्पल लिए**



हनुमानगढ़ में स्वास्थ्य दल ने निजी बस को स्टैण्ड पर रोक 9 क्विंटल मावा के भरे कनस्तर जब्त कर सैम्पल लिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि आज दोपहर उन्हें सूचना मिली कि लूणकरनसर (बीकानेर) के कालू गांव से आज हनुमानगढ़ के लिए लगभग 9 क्विंटल मावा आ रहा है। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा दल की टीम ने दोपहर 3.30 बजे बीकानेर से आई राजस्थान लोक परिवहन की बस नम्बर आरजे-07-पीसी-2429 को बस स्टैण्ड पर रोक लिया। सूचना के आधार पर बस में से मावा के 63 कनस्तर बरामद किए। कार्यवाही के चलते बस स्टैण्ड पर लोगों का हुजूम एकत्रित हो गया।

खाद्य सुरक्षा दल द्वारा जांच की जानकारी मिलने पर मावा के मालिक भी बस स्टैण्ड पर पहुंच गए। ऐसे में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा मावा की जांच कर सैम्पलिंग की कार्यवाही की गई। जांच में पाया कि यह सारा मावा हनुमानगढ़ के नौ दुकानदारों द्वारा गांव कालू से मंगवाया गया है। डॉ. शर्मा ने बताया कि मै. सालासर मावा के 5 कनस्तर, मै. रामकिशन हलवाई के 5, मै. दुर्गा मावा के 8, मै. ओमजी मावा के 11, मै. बालकिशन हलवाई के 15, मै. बीकानेर रसगुल्ला मावा के 4, मै. प्रताप मावा के 5, मै. मुरली मावा के 2 एवं मै. श्याम मावा के 8 कनस्तरों की जांच कर सैम्पल लिया गया। सभी सैम्पल को जांच के लिए बीकानेर स्थित प्रयोगशाला में भिजवा दिया गया। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश गर्ग, सहायक कर्मचारी हीरावल्लभ, गार्ड योगेश एवं ड्राइवर किशन कुमार शामिल थे।

डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की गई कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्य स्तरीय व्हाट्सएप नंबर 9462819999 पर दें।

## सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

**हनुमानगढ़,** (कासं)। शहर में विकास कार्यों से पहले सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठने लगी है ताकि वारदात को अंजाम देने से पहले अपराधी के पसीने छूंटे।

नागरिकों की मानें तो आज के हालात के समय इलाके में सीसीटीवी होने चाहिए। इससे इलाके में घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रहेगी और जहां घटना घटेगी तो उन पर पकड़ पाने में आसानी होगी। शहर के विभिन्न वार्डों में सीसीटीवी होने से पुलिस कर्मियों को भी जांच में मदद मिलेगी। व्यापारी और सामाजिक संगठनों द्वारा भी शहर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग निरंतर की जा रही है।

लोगों की मांग है कि नगर परिषद क्षेत्र के दायरे में आने वाली सभी कॉलोनियों में सीसीटीवी लगने चाहिए। गली मोहल्लों में लगाये सोसायटी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के अनुसार प्रत्येक गली मोहल्ले की एक सोसायटी होनी चाहिए। यह सोसायटी जनसहयोग से कैमरे लगाए और उनकी मॉनिटरिंग करें ताकि मोहल्लों में आने-जाने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रहें। इसके लिए जिला प्रशासन, नगर परिषद और पुलिस प्रशासन को अभियान चलाकर जागरूक किया जाना चाहिए। नागरिकों की मांग है कि नगर परिषद शहर के एंट्री प्वाइंट पर कैमरे लगाएं और इसका कंट्रोल रूम का अधिकार नगर परिषद के पास ही होना चाहिए। जहां से नगर परिषद की सीमा शुरू हो।

## सार-समाचार

### व्यास प्रदेश संयुक्त मंत्री मनोनीत



**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार प्रदेशाध्यक्ष रमेशचन्द्र पुष्करणा ने करते हुए बीकानेर के सुरेश व्यास को प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं रोडा नोखा के ओमप्रकाश विश्नोई रोडा को मंडल संयुक्त मंत्री मनोनीत किया है। बीकानेर के सुरेश व्यास एवं ओमप्रकाश विश्नोई को लगातार 05 वी बार प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश पदाधिकारी बनाये जाने पर संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई, जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू, जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य, महेश छीपा, दिनेश आचार्य, त्रिपुरारी चतुर्वेदी, लेखराम गोदारा, चन्द्रशेखर हर्ष ने बधाई देते हुए कहा कि इनके मनोनयन से संगठन गतिविधियों की गति मे निरन्तरता बनी रहेगी। राज्य के शिक्षकों की समस्याओ का निदेशालय स्तर पर समाधान करवाने में अधिक सुगमता मिलेगी।

### सिडाना स्पोर्ट्स ने बीसीए को हराया

**बीकानेर,** (कासं)। जिला क्रिकेट संघ बीकानेर के तत्वाधान मे चल रही जिला स्तरीय अन्डर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत सादुल क्लब क्रिकेट मैदान में रविवार को दूसरे सेमी फाइनल मुकाबले में सिडाना स्पोर्ट्स ने बीसीए को 201 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिसका मुकाबला कृष्णा स्पोर्ट्स के साथ खिताबी मुकाबला होगा। प्रतियोगता प्रभारी अफरोज खान ने बताया कि कृष्णा स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले खेलते निर्धारित 50 ओवर में 3 विकेट पर 293 रन बनाये। जिसने अभिषेक बिश्नोई ने तबाडतोड बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 146 रन बनाये जिसने 5 छक्के व 9 चौके जमाये। हमेन्त तेजी ने भी 64 रन व भव्य आहूजा ने 26 रन बनाये। बीसीए के रुकमन जाट व नमन ने एक एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुऐ बीसीए टीम 37 ओवर में 92 रन पर आऊट हो गई। युवराज ने 24 रन बनाये, सिडाना स्पोर्ट्स के यश सोमनी ने 3 विकेट व भव्य ओझा व अब्दुल मैमन ने क्रमश दो दो विकेट लिए। प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया कि सोमवार को खिताबी मुकाबला कृष्णा स्पोर्ट्स व सिडाना स्पोर्ट्स के मध्य खेला जायेगा

### प्रतिभाओं का सम्मान 25 को

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रान्तीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा 25 अगस्त को प्रधान कार्यालय शिव शक्ति सदन डागा मौहल्ला में शाकद्वीपीय समाज की राजस्थान प्रांतीय स्तर पर शिक्षा, खेल व कला-साहित्य के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान करेगी। इसके लिये महासभा के शिक्षा समिति के संयोजक पुरूषोत्तम लाल सेवक की अध्यक्षता में शिव शक्ति सदन में एक बैठक आयोजित की गई। महासचिव संजय शर्मा ने बताया कि समाज की प्रतिभाएं अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकती हैं। जिसके लिये आनलाइन फार्म का लिंक उपलब्ध करवाया गया है। अध्यक्ष सत्यदीप शर्मा ने कहा कि यह शुभ संकेत है कि महासभा के द्वारा जो प्रतिभाओं का सम्मान किया जा रहा है। उसकी संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिये बजरंग लाल सेवग, महेश भोजक, आर.के. शर्मा, रविन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा व जगदीश शर्मा सहित उपस्थित जनों ने अपने विचार रखे।

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**चूरू,** (कासं.)। जिला मुख्यालय पर स्थित जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान में शिक्षाविद अब्दुल सत्तार अंसारी और शायर इदरीश खत्री 'राज' के मुख्य आतिथ्य में अमन ट्रस्ट की ओर से पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर अब्दुल सत्तार अंसारी ने कहा कि हमें पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। शायर इदरीश खत्री 'राज' ने कहा कि पेड़ धरती का श्रंगार हैं, इनसे हमें प्राण वायु के साथ-साथ बहुत-सी दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तएं मिलती हैं। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। अमन ट्रस्ट के अध्यक्ष उस्मान अंसारी ने कहा कि आज पेड़ों के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। सद्दाम हुसैन ने कहा कि पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या विकट हो गई है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि धरती पर हरियाली बनी रहे। मेहराज बुरड़क ने कहा कि पेड़ लगाना पुण्य का कार्य है। वसीम चौहान ने पेड़ों को धरती का श्रंगार बताया। मोहम्मद रफ़ीक़ ने पौधारोपण के लिए आमजन को प्रेरित किया। इस अवसर पर रतन लाल शर्मा, देवेंद्र सिंह शेखावत, रमीज राजा, सुमेसता, आरिफ खान, नीलम, सुभाष सैनी, जावेद खान, इमरान खान, तब्बसुम बानो, मुकेश डाबी आदि उपस्तिथ थे।

### भारत के नक्शे को तिरंगे से सजाया

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर कमर चौधरी सीकर के निर्देशानुसार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा सीकर के मार्गदर्शन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में देव विद्यालय सीकर के खेल मैदान पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ सीकर, शिवसिंहपुरा, धोद ,रींगस, लक्ष्मणगढ़, नीमकाथाना के स्काउट गाइड रोवर, रेंजर्स व स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने बसंत कुमार लाटा सीओ स्काउट सीकर, किशन लाल सियाक, महेंद्र कुमार पारीक , मुकेश भूकर के नेतृत्व में 200 से अधिक स्काउट गाइड सदस्यों ने भारत के नक्शे की आकृति बनाकर उसे सभी सदस्यों ने तिरंगे से सजाया।

### मनु चौधरी ने जीते 2 गोल्ड

**सीकर,** (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के खिलाडियों ने नेपाल में आयोजित इंडो नेपाल यूथ स्केटिंग गेम्स इंटरनेशनल स्केटिंग चैम्पियनशिप में 2 गोल्ड मैडल हासिल किये। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि नेपाल में चल रही इंडो नेपाल यूथ स्केटिंग अंडर 17 चैम्पियनशिप में संस्थान के छात्र जयप्रकाश गोसाईवाल व मनु चौधरी ने भारत की तरफ से खेलते हुए 2 गोल्ड मैडल हासिल किये। जो संस्थान के लिए बहुत ही गर्व की बात है। दोनो ही छात्रों ने संस्थान के खेल मैदान पर नियमित अभ्यास एवं कोच व प्रबंधन की सहायता से इस मुकाम को हासिल किया है।

# 'प्रसूताओं को घर भेजने के लिए शीघ्र उपलब्ध होगी एम्बुलेंस'

**सूरतगढ़,**(कासं)। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस उन्होंने मेल, फीमेल वार्ड, जच्चा बच्चा वार्ड, दंत रोग विशेषज्ञ कक्ष का का भी जायजा लिया।

- **पीएचसी में एक नर्सिंग कर्मी के अनपुस्थित मिलने पर सीएमएचओ ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए**
- **हाजरी रजिस्टर की जांच की तो उसमें भी खामियां मिली**

इस दौरान प्रसूताओं को घर भेजने के लिए जननी एक्सप्रेस 104 एम्बुलेंस गाड़ी नहीं होने की समस्या सामने आने पर उन्होंने इस बारे में जिला कलेक्टर से चर्चा कर नई एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा सीएमएचओ ने नई दंत चेयर की व्यवस्था करवाने व डिजिटल एक्स-रे को मरीजों व संबंधित चिकित्सक के व्हाट्सअप मोबाइल पर भेजने की भी हिदायत दी।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला सीएचसी पहुंचे। यहां उन्होंने ओपीडी के दौरान दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.सुभाष महर्षि के कक्ष में पहुंचे। यहां चिकित्सक ने उन्हें बताया कि दंत चेयर संबंधित कम्पनी की ओर से कंडम घोषित की जा चुकी है। इसके बाद दो बार अपने स्तर पर दंत चेयर की मरम्मत करवाई जा चुकी है। इस पर सीएमएचओ ने नई दंत चेयर की व्यवस्था करवाने के लिए समाजसेवी संस्थाओं अथवा उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित करने की हिदायत दी।

डॉ. सुभाष महर्षि ने बताया कि नई दंत चेयर के लिए श्रीसीमेंट के अधिकारियों से सम्पर्क किया जा चुका है। नई दंत चेयर के लिए कम्पनी के अधिकारियों ने बजट बनाकर उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया है। स्वीकृति मिलने पर नई दंत चेयर उपलब्ध हो जायेगी। इस संबंध में सीएमएचओ ने बीसीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सीएमएचओ ने मेल व फीमेल वार्ड का भी जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने कुछ मरीजों से भी स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सीएमएचओ ने एक्स रे रूम का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक्स रे की फिल्मों के खर्चे को कम किया जा सकता है। इसके लिए मरीजों के एक्स रे को प्रिंट की बजाए मरीजों व संबंधित चिकित्सक के मोबाइल नम्बर पर व्हाट्सअप किया जाए। यह सुविधा चालू होने से मरीजों को भी राहत मिलेगी तथा खर्चा भी कम होगा। वहीं एक्स रे रूम में छत से बरसाती पानी के रिसाव होने की समस्या पर उन्होंने कहा कि चिकित्सालय प्रशासन इसके लिए छत पर प्लास्टिक का तिरपाल बिछाकर सीमेंट लगाए। उन्होंने कमरा नम्बर 28, ट्रोमा सेंटर का भी जायजा लिया। इस अवसर पर बीसीएमओ, सीएचसी प्रभारी डॉ. नीरज सुखीजा, डॉ.भारत भूषण मौजूद थे।

## चालिया महोत्सव की तैयारी शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। अमरलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा सतीश रिझवानी, दीपक आहूजा दौलत प्रेम जानी की अध्यक्षता में मंदिर कार्यकारिणी की मीटिंग में सिंधी समाज के झूलेलाल जी के 40 दिवसीय व्रत कार्यक्रम के अंतिम सप्ताह में 17 अगस्त से 24 अगस्त तक प्रभात फेरी की तैयारियां शुरू करने पर जोर दिया गया।

प्रभात फेरी सुबह 5:00 बजे से रथखाना, पवनपुरी, मुक्ता प्रसाद में गली-गली घर-घर तक निकाली जायेगी। मंदिर अध्यक्ष सतीश रिजवानी ने बताया कि समापन समारोह में भव्य कलश यात्रा व भक्ति कार्यक्रम, भंडारा आयोजित होंगे। महोत्सव से जुड़े लोगों ने इसकी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी है।

इन आयोजनों में सुगनचंद, विजय एलानी, मोहन हरवानी, हंसराज मूलचंदानी, विक्की चंदानी, बाबू चंदानी, दिलीप केसवानी, दौलत हरवानी, हेमंत मूलचंदानी, गिरधर गोरवानी, ढालूराम केशवानी, अनिल रिझवानी, टीकम पारवानी, कमल वासवानी, देवानंद केशवानी, दीपक मूलचंदानी, राजू मोटवानी, मोहन सत्यानी, हरिश चंदानी, सुरेश केसवानी आदि अपनी सेवाएं देंगे।

# अफसरों व पत्रकारों का क्रिकेट मैत्री मैच 15 को

**हनुमानगढ़,** (कासं)। 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले भर में धूमधाम से मनाया जायेगा। जिला स्तरीय समारोह टाउन के राजकीय एनएमपीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दोपहर बाद पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य क्रिकेट के मैत्री मैच का आयोजन किया जायेगा। मैत्री मैच में विजेता टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा।

- **क्रिकेट मैत्री मैच में विजेता टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया जायेगा**

जिला स्तरीय समारोह की शुरूआत सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि के ध्वजारोहण से होगी। जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के मौके पर कार्यक्रम में जनसहभागिता बढ़ाए। विभिन्न संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाए। स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 8 बजे कलेक्टर आवास पर, सुबह 8.15 बजे कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। सुबह 7.45 बजे सभी राजकीय कार्यालयों पर संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

जिला कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी राजकीय कार्यालयों, निजी कार्यालयों, घरों में ध्वजारोहण करने का आव्हान किया। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पदकधारकों, स्वतंत्रता सैनानियों के परिजनों, पत्रकारों को अनुग्रह के साथ आमंत्रित किया जाए।

पौधारोपण, नशामुक्ति सहित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं तथा व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जो वास्तव में योग्य हो, उसके नाम की ही अनुशंसा की जाए।

सम्मानित होने वाले व्यक्तियों को उचित ड्रेस में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाए। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य प्रत्येक वर्ष मैत्री मैच का आयोजन किया जाता है।

## राष्ट्रगाथा के पोस्टर का विमोचन किया

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर संभाग के सबसे बड़े आजादी के महोत्सव 'राष्ट्रगाथा सीजन-3' मैट्रिक्स इवेंट्स द्वारा 13 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम राष्ट्रगाथा के पोस्टर का कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने विमोचन किया। कलेक्टर नम्रता ने कार्यक्रम हेतु शुभकामनाएं दी।

रोशन बाफना ने बताया कि राष्ट्रगाथा का यह सीजन 3 है। इससे पहले दो सीजन सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके। समन्वयक शशिराज गोयल के अनुसार सीजन-3 विशेष थीम के साथ आयेगा। दर्शकों को कुछ नया देखने को मिलेगा। गोयल ने बताया कि स्कूली बच्चे बहुत मेहनत कर रहे हैं। टीम राष्ट्रगाथा द्वारा स्कूलों में जाकर तैयारी करवाई जा रही है। रोशन बाफना ने बताया कि राष्ट्रगाथा सीजन-3 को लॉट्स डेयरी, संस्कृति फोर्ट, एस आर इवेंट्स, चौधरी साउंड्स, समाजसेवी सुनील पारीक, सारण डिजिटल एलईडी, तनिष्क ज्वैलर्स, रामजी स्वीट्स, द्वारिका स्वीट्स, रूपचंद मोहनलाल, छप्पन भोग, भीखाराम चांदमल, डोसा बाइट, मोनार्क बिल्ड एस्टेट, वर्द्धमान आईसक्रीम, लक्ष्मी सिक्यूरिटीज, बेबी हट एंड एम्पोरियो वूमेन्स वीयर, महावीर लाइट्स, राम डिजिटल स्टूडियो, अनिल अलंकार, श्री साफा हाउस आदि का सौजन्य मिल रहा है।

## आकाशीय बिजली गिरने से मौत

**बीकानेर,** (कासं)। बारिश के दौरान बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई।

शनिवार शाम 4.30 बजे बीकानेर जिले के बज्जू के गांव बरसलपुर की रोही के चक 9 बीडीवाई का है। जानकारी के मुताबिक 40 वर्षीय देवचंद पुत्र मालाराम मेघवाल खेत में पानी लगा रहा था। उसी समय बरसात शुरू हो गई और अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इससे देवचंद झुलस गया। परिजनों द्वारा उसे बज्जू के सामुदायिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता के विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत

**बीकानेर,** (कासं)। अपनी स्थापना के 105 वें वर्ष के उपलक्ष में ऐतिहासिक आसोपा आश्रम ट्रस्ट पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वास्थ्य एवं गौ सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रमों की श्रंखला शुरू कर रहा है।

- **12 से 18 तक अगस्त तक पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता होगी**

इसी क्रम में 12 से 18 तक अगस्त तक पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले की सीनियर सैकण्डरी स्कूलों के करीब 500 विद्यार्थी भाग लेंगे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा ने इस आशय के दिशा निर्देश जारी किए हैं।निर्देशों में कहा गया है की हरित राजस्थान और सघन वृक्षारोपण के प्रति राज्य सरकार गंभीर है। आसोपा आश्रम ट्रस्ट की संचालक लंदन में प्रोफेसर डॉक्टर सविता आसोपा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण क्विज का आयोजन सभी विद्यालयों में 12 जुलाई तक किया जायेगा जो ओएमआर शीट आधारित होगा। प्रत्येक विद्यालय से पहले दो स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 17 अगस्त को आश्रम द्वारा आयोजित समारोह में जिला प्रशासन से प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवम स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत करवाया जायेगा। प्रमुख ट्रस्टी उर्मिला आसोपा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा स्व. उमाशंकर आसोपा की स्मृति में जन सेवार्थ चिकित्सालय बनाया गया है जहां निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था की जायेगी।

# नशा मुक्त और संस्कार युक्त बीकानेर 'रन फॉर फिट बीकाणा' 29 को

**बीकानेर,** (कासं)। हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस पर एकलव्य फाउण्डेशन राजस्थान व क्रीड़ा भारती बीकानेर की ओर से बीकानेर शहर में आगामी 29 अगस्त को 'रन फॉर फिट बीकाणा' का आयोजन किया जायेगा।




राष्ट्रीय खेल दिवस पर एकलव्य फाउण्डेशन राजस्थान व क्रीड़ा भारती बीकानेर की ओर से 'रन फॉर फिट बीकाणा के पोस्टर का विमोचन विधायक सिद्धि कुमारी ने किया।

एकलव्य फाउण्डेशन के अध्यक्ष दानवीर सिंह भाटी ने बताया कि रन फॉर फिट बीकाणा मैराथन के आयोजन को लेकर पोस्टर जारी किया गया है। बीकानेर में 29 अगस्त को होने वाली इस मैराथन दौड़ के पोस्टर का विमोचन बीकानेर (पूर्व) विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी व बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने किया। इस मौके पर विधायक सिद्धि कुमारी ने कहां की खेल दिवस के उपलक्ष पर खिलाड़ियों के द्वारा किया जा रहे ऐसे आयोजन से शहर के लोगों में खेल और सेहत को लेकर जागरूकता आयेगी। विधायक जेठानंद व्यास इस मौके पर कहा कि बीकानेर के युवाओं का खेलों में जितना ज्यादा रूझान होगा उतना ज्यादा नशे की प्रवृति से दूरी बनेगी।

इस मौके पर दोनों विधायकों ने आयोजन समिति के गजेन्द्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष क्रीड़ा भारती बीकानेर, क्रीड़ा भारती के रामेन्द्र कुमार हर्ष, बॉक्सिंग कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़, बॉस्केटबॉल कोच दिलीप बिश्नोई आदि को रन फोर फिट बीकाणा की सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं दी। भाटी ने बताया कि 'रन फॉर फिट बीकाणा' 29 अगस्त को डॉ. करणी सिंह स्टेडियम से शुरू होकर पब्लिक पार्क तक आयोजित होगी। जिसका मुख्य उद्देश्य 'नशा मुक्त और संस्कार युक्त ' बीकानेर की कल्पना को साकार करना है। इसमें बीकानेर के सभी खेलों के खिलाड़ी व खेलप्रेमी व सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहेंगे। इस मौके पर बीकानेर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान भी किया जायेगा। इस मैराथन में बीकानेर के सभी खेलों के सभी वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिसमें काफी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी होंगे, खेल दिवस पर आयोजित रन फॉर फिट बीकाणा राजस्थान का सबसे बड़ा आयोजन होता है।

- **इस मैराथन में बीकानेर के सभी खेलों के सभी वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे**

# वेद की सामान्य अवधारणा और प्रचलित भ्रांतियां विषय पर संवाद

**बीकानेर,**(कासं)। अजित फाउण्डेशन की मासिक संवाद श्रृंखला के तहत संस्था सभागार में 'वेद की सामान्य अवधारणा और प्रचलित भ्रांतियां ' विषय पर सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. चंचला पाठक का संवाद आयोजित किया गया।




वेद की सामान्य अवधारणा और प्रचलित भ्रांतियां विषय पर संवाद को डॉ चंचला पाठक ने सम्बोधित किया।

डॉ. पाठक ने कहा कि वेदों की प्रारम्भिक भाषा बहुत ही सरल है। वैदिक संस्कृत के बोल हमारी बोलियों से काफी मिलते-जुलते है। वेद हमारे लिए इसलिए महत्त्व है कि जब हम बौद्धिक बात करते है तो उसके उत्तर एवं महत्व हमें तर्कपूर्ण वेद में मिलते है। वेद छंदमय है। चाहे वह काव्य में लिखा गया हो या गद्य में दोनों जगहों पर छंदों का उपयोग पाया गया है। वेद को जब आप पढते है तो उसमें भौतिकवाद एवं आध्यात्मिकवाद दोनों देखने को मिलेगें। भौतिकवाद की दृष्टि से भौतिकवाद मिलेगा।

वहीं दूसरी आध्यात्मिक दृष्टि से आपको आध्यात्म मिलता है। डॉ. पाठक ने कहा कि वेद को पढना है या जानना है तो हमें ऋषि दृष्टि को समझना होगा। हमारे पूर्वागृहों को समाप्त करना होगा तभी हम वेद को जान सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कथाकार एवं वरिष्ठ साहित्यकार मालचंद तिवाड़ी ने करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि वेद में ज्ञान और विज्ञान दोनों का समावेश है। ज्ञान का एप्लाई रूप ही विज्ञान है।

विज्ञान की सीमाएं हो सकती है लेकिन ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती। तिवाड़ी ने कहा कि वेद में ज्ञान को अमूर्त रूप से संचित करते है।